# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक 1158 /परीक्षा/ऑनलाईन/सेमेस्टर/2017 रायपुर, दिनांक 24/11/2017

## // अधिसूचना //

(1) पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के B.B.A.- I,III.V Sem. (Reg./ATKT/Ex) परीक्षा दिसम्बर 2017 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाईट **https:// prsuonline.cg.nic.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

(2) इसी प्रकार दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के B.B.A.-V Sem. (ATKT/Ex) परीक्षा दिसंबर 2017 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **https:// prsuonline.cg.nic.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि में वृद्धि करते हुये निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है :–

(**परीक्षा शुल्क** –इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा किये जा सकते है।)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – | **25/11/2017 से 03/12/2017 तक** |
| 2. | परीक्षार्थियों द्वारा संबंधित महाविद्यालय में हार्डकापी एवं संलग्नकों के साथ आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– | **05/12/2017 तक** |
| 3 | संबंधित महाविद्यालयों द्वारा – परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई हार्डकापी, गोसवारा, शुल्क विवरण सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि – | **07/12/2017 तक** |

**परीक्षा शुल्क**

| क्र. | कक्षा/विषय | नियमित (रू.) | भूतपूर्व (रू.) | एटीकेटी (रू.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.B.A. प्रति सेमेस्टर | 1330=00 | 1330=00 | 825=00 |

**टीप** :–1. उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

**परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देशः–** सेमेस्टर परीक्षा 2017–18 हेतु फार्म भरने का कार्य Student द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट **https:// prsuonline.cg.nic.in** के माध्यम से किया जावेगा। फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

1. सबसे पहले वेबसाईट में दिये गये " Get Your User ID" विकल्प का प्रयोग करके " User ID" प्राप्त करेंगे।
2. तत्पश्चात् Student Login विकल्प पर क्लिक करके Login करेंगे। Login करने हेतु Password के रूप में पिछले परीक्षा का रोल नं. का प्रयोग करेंगे। यदि पूर्व में इसी वेबसाईट के माध्यम से Enrollment From भरने हेतु " User ID" प्राप्त किया जा चुका है,तो Login करने हेतु उसी " User ID" एवं Password का प्रयोग करेंगे।
3. Login करने के उपरांत Exam From विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करेंगे।
4. Fee Payment के बाद Exam From कि दो कॉपी प्रिंट करके आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने संबंधित महाविद्यालय अथवा परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे।
5. फार्म भरने हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट पर दिये गये Exam User Manual का प्रयोग अवश्य करे।
6. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो,तो मोबाईल नं.–7489444468 पर अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा वेबसाईट पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज करें। जिसके लिए आप Login करके या वेबसाईट पर Register Your Complant से शिकायत दर्ज कर सकते है। अथवा ई–मेल द्वारा **prsumis@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान कर सकते हैं।

क्रमशः 02

अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीप :–

1. परीक्षार्थी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की दो कॉपी प्रिंट करके आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों में अग्रेषण शुल्क राशि रू.30/– (रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र के साथ केन्द्र में अपनी हार्डकॉपी जमा करेंगे। जिसमें से रू. 15/– (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र परीक्षा केन्द्र अपने पास रखेंगे जिसका उपयोग वे परीक्षा के दौरान निर्धारित मद में व्यय करेंगे जिसका उल्लेख केन्द्राध्यक्षों को पूर्व में वार्षिक परीक्षा 2017 के समय उपलब्ध करायी गयी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश पर उल्लेखित है। एवं रू. 15/– (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र आसंजित महाविद्यालयों को अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र द्वारा प्रदान किया जावेगा।
2. जिन परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र अग्रेषित किये जा रहे है उनकी कक्षा में उपस्थिति 75% होना अनिवार्य है। 75% से कम तथा 60% से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किये जावें जब उनकी उपस्थिति परीक्षा के पूर्व 75% हो जावेगी। 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र नियमानुसार अग्रेषित न किए जावें। इसी प्रकार जो परीक्षार्थी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल न हुये हों उनके परीक्षा आवेदन भी अग्रेषित न किये जावें।
3. परीक्षा शुल्क/गोसवारा/नॉमिनल रोल वि. वि. के वेबसाईट– **www.prsu.ac.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।
4. अग्रेषण अधिकारी यह ध्यान देवें कि परीक्षार्थियों का पूर्व सेमेस्टर की समस्त अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न कराकर ही आवेदन अग्रेषित करें।
5. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी की पात्रता न होने पर भी उसके ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी वि0 वि0 को अग्रेषित किया जाता है एवं विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षणोपरांत उसका परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
6. परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, नामिनल रोल, गोसवारा परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी (संलग्नको) इत्यादि के साथ उपरोक्त तिथि तक दो प्रतियों में तैयार कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करेंगे। उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी स्थिति में हार्डकापी संलग्नकों के साथ स्वीकार नहीं की जावेंगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक 1159 /परीक्षा/**ऑनलाईन**/सेमेस्टर/2017 — रायपुर, दिनांक 24/11/2017

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. कुलसचिव, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग को इस जानकारी के साथ कि दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा पूर्व में हुए समझौते के अनुसार उनके विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्र के लिए B.B.A.- V Sem.(ATKT/Ex) के परीक्षाओं के लिए ही केन्द्र सूची जारी की गई है। तद्नुसार शेष परीक्षाएं आपके विश्वविद्यालय द्वारा ही आयोजित की जावेगी।
2. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों को इस निर्देश के साथ कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथि तक शुल्क विवरण, न्यूमेरिकल रिटर्न, गोसवारा इत्यादि के साथ परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी संलग्नकों सहित विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में अनिवार्य रूप से जमा कराने की व्यवस्था करावें।
3. दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों को इस निर्देश के साथ कि वे उपरोक्तानुसार अवगत होते हुये केवल B.B.A.-V Sem. (RATKT/Ex) परीक्षाओं के लिए ही परीक्षार्थियों के ऑनलाईन द्वारा भरे हुये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी संलग्नकों सहित शुल्क विवरण, न्यूमेरिकल रिटर्न, गोसवारा, अशेष प्रमाण–पत्र इत्यादि के साथ इस विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में अनिवार्य रूप से जमा कराने की व्यवस्था करावें।
4. उ.कु.स., गोपनीय को इस निवेदन के साथ कि दिसंबर 2017 में आयोजित होने वाले परीक्षाओं की गोपनीय तैयारी यथा शीघ्र पूर्ण कर लेवे ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा संपन्न किया जा सके।

5. प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष / संबंधित महाविद्यालयों को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित् कि वे अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए अधिसूचना मे जारी निर्देश का पालन करते हुए भलीभांति परीक्षण कर परीक्षार्थियों के पात्रता अनुसार संबंधित कक्षाओं के लिए भरे गये ऑनलाईन की हार्ड कापी संलग्नकों सहित सेमेस्टर परीक्षा के आवेदन उपरोक्त निर्धारित तिथि तक अग्रेषित करें।
6. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / संचालक, महाविद्यालयीन विकास परिषद।
7. उ0कु0स0, गोपनीय / उ0कु0स0, अकादमी / उ0कु0स0, सा0प्रशा0 / वित्त नियंत्रक / समायोजन प्रकोष्ठ ।
8. प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, जयस्तंभ चौक, रायपुर / रविवि शाखा, रायपुर को इस निर्देश के साथ कि संबंधित जिलों के समस्त भारतीय स्टेट बैंक शाखा में वि0वि0 के **खाता क्रमांक 10049590022** में परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के उपरोक्त खाता में जमा किये जाने की व्यवस्था करावें।
9. अध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययनशाला को इस निवेदन के साथ कि कृपया इसे अपलोड करने की व्यवस्था करवाएं।
10. उ0कु0स0, गोपनीय / प्रभारी नामांकन / प्रभारी, वि0 वि0 मुद्राणालय / प्रभारी, वाहन प्रकोष्ठ ।
11. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, गोपनीय विभाग / एन.आई.सी.।
12. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक,पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित्।
13. सम्पादक, स्थानीय समाचार–पत्र, रायपुर / अमर–किरण, दुर्ग / सवेरा–संकेत, राजनांदगांव को इस निवेदन के साथ अग्रेषित् कि कृपया वे इस अधिसूचना को छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

वि.क.अ. (परीक्षा)

***

Documant- annual-17/feedate_Online Form .UG- I Regular. 17/ p44-46//